कार्यालय जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर।

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस जनपद न्यायालय में स्थापित कम्प्यूटर में लगने वाले यू0पी0एस0 हेतु 260 अदद 12 वोल्ट 26 ए0एच0, अमारॉन क्वान्टा की बैटरियों को माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक 838/xxiv-cpc/e Courts/ Allahabad Dated 14.12.2015 व माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार उक्त बैटरियों की आपूर्ति/क्रय करने हेतु बैटरी के अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित प्रारूप पर मानक के अनुसार आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो इस विभाग को सन्दर्भित बैटरियों को आपूर्ति करना चाहते हों वे विभाग की निष्प्रयोज्य पुरानी बैटरियों के मूल्य का समायोजन कर अपनी सीलबन्द निविदायें दिनांक 22.02.2016 सांयकाल 2:00 बजे तक केन्द्रीय नजारत में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस विभाग की निष्प्रयोज्य बैटरियों को किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नाजिर से सम्पर्क कर निरीक्षण किया जा सकता है व निविदा हेतु उपलब्ध प्रपत्र को भी कार्यालय केन्द्रीय नजारत से उक्त अवधि में प्राप्त किया जा सकता है या सन्दर्भित निविदा प्रपत्र को जनपद न्यायालय के वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। समस्त प्राप्त निविदाओं को उसी दिन माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित क्रय समिति के समक्ष निविदा दाताओं/उनके अभिकर्ताओं के समक्ष सांयकाल 4:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी निविदा को निरस्त करने तथा सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया को ही निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के पास सुरक्षित है।

प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

इस सूचना का प्रकाशन किसी दैनिक समाचार पत्र में भी कराया जाये तथा सूचना की प्रतिलिपियों को नोटिस बोर्ड जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, बार एसोसिएशन, लायर्स एसोसिएशन कानपुर, जिलाधिकारी कानपुर नगर, तहसीलदार कानपुर नगर, कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला सूचना कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों पर भी चस्पा की जाये तथा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा जनपद न्यायालय की वेबसाईट पर सिस्टम आफीसर से अपलोड कराये।

Approved
18.2.2016
DISTRICT JUDGE
KANPUR NAGAR

20.2.16
प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।
प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर